दिन–मंगलवार दिनांक– 28 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही छठ महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान आज संपन्न हो गया। देर रात से ही व्रती और परिजन विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचने लगे थे। राजधानी पटना समेत प्रदेश की प्रमुख नदियों गंगा, कोसी, गंडक, बागमती, सोन के अलावा तालाबों, जलाशयों और अस्थायी घाटों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भागवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। व्रतियों ने अपने घरों के बाहर बने कुंड और छतों पर बने अस्थायी जलाशयों में भी अर्घ्य दिया। इस मौके पर छठ गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। पटना से हमारे संवाददाता ने बताया है कि छठ के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ व्यवस्था बनाए रखने में जुटा रहा। औरंगाबाद के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल देव के पौराणिक सूर्य कुंड में आज सुबह करीब आठ लाख छठव्रतियों और श्रद्धालुओं ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। वहीं, नवादा जिले के द्वापरयुगीन हड़िया सूर्य मंदिर के पास स्थित जलाशय में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। नालंदा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि प्रसिद्ध सूर्य मंदिर बड़गांव में छठ महापर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छठ के पावन पर्व में शामिल सभी लोगों को शुभकामनाएँ दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि छठ का पावन पर्व आज श्रद्धालुओं द्वारा भगवान सूर्य को प्रातःकालीन अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न हो गया। उन्होंने कहा कि चार दिवसीय अनुष्ठान के दौरान, भारत में छठ पूजा की भव्य परंपरा की झलकियाँ देखने को मिलीं। प्रधानमंत्री ने कामना करते हुए कहा कि छठी मैया की असीम कृपा देशवासियों के जीवन को सदैव आलोकित रखे। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना स्थित अपने सरकारी आवास पर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और राज्यवासियों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

---

विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्षी महागठबंधन की ओर से आज संयुक्त चुनाव घोषणा पत्र जारी किया जाएगा। राजद के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि पटना में राजद और कांग्रेस सहित सातों घटक दलों के नेता शाम चार बजकर तीस मिनट पर संयुक्त रूप से महागठबंधन का घोषणा पत्र जारी करेंगे। महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज पटना में कहा कि घोषणा पत्र में अगले पांच सालों में बिहार को विकसित बनाने का विजन पेश किया जाएगा। श्री यादव ने आरोप लगाया कि एनडीए के पास राज्य के विकास का कोई रोडमैप नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बार बिहार की जनता बदलाव के मूड में है।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने महागठबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा है कि जिन्हें राज्य के विकास मॉडल की कोई जानकारी नहीं है, वे सिर्फ दिखावटी घोषणा पत्र जारी करेंगे। श्री सिंह ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राजद के शासनकाल में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं थी। उन्होंने कहा कि एनडीए ने बिहार को जंगलराज से निकालकर विकास की पटरी पर दौड़ाने का काम किया है।

---

छठ पूजा के बाद विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान कल से तेज़ हो जाएगा। वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल दरभंगा, समस्तीपुर और बेगूसराय में कई चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। वहीं, वरिष्ठ भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दरभंगा, पटना और सारण ज़िले में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी कल एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। इस बीच राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज सारण ज़िले के मांझी, तरैया, मढ़ौरा, अमनौर और गरखा में महागठबंधन उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं में भाग ले रहे हैं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।